# वित्तीय योजनाओं की दी जानकारी



वित्तीय शिविर में भाग लेते ग्रामीण व अधिकारी।

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**बीबीएन/किशोर ठाकुर** : वित्तीय सेवा विभाग एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलाया जा रहा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत पटटा बाडियां में विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पट्टा बाडियां में किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही तथा उन्हें विभिन्न वित्तीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक शिमला से उपमहाप्रबंधक पीताम्बर अग्रवाल और शिमला से राहुल जोशी एवं एलडीएम ऑफिस सोलन से स्वर्ण दीप नेगी, जोगिंद्रा कोऑपरेटिव बैंक बरोटीवाला शाखा के मैनेजर शांता कुमार, पंजाब नेशनल बैंक पट्टा शाखा व ग्राम पंचायत बदियान की प्रधान रंजना और पंचायत सचिव उपस्थित रहे। आपकी आवाज पटटा महलोग सामाजिक संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा राजू ने बताया कि इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक पीताम्बर अग्रवाल, आर. बी. आई. ने री-केआईसी की अनिवार्यतता पर बल देते हुए उपस्थित जनों को डिजिटल वित्तीय लेनदेन में सावधानी एवं धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 70 खातों कि आन-स्पॉट री-केवाईसी की गई तथा कई लाभार्थियों ने मौके पर ही बीमा एवं पेंशन योजनाओ में नामांकन कराया।

Visit of DGM - Solan-August 18, 2025 - Uttam Hindu News paper clipping